Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to include Jalgaon district of Maharashtra in Pilgrimage Rejuvenation and Spiritual Augmentation Drive (Prasad) Scheme.

श्री ए.टी. नाना पाटील (जलगाँव) ः मेरे जलगाँव संसदीय क्षेत्र में धार्मिक एवं पर्यटन रूचि के अनेक स्थल हैं जिनमें प्राचीन ओंकारेश्वर मंदिर, उनापदेव गर्म पानी का झरना, तापी, गिरना और अंजनि नदी के संगम पर प्राचीन रामेश्वर मंदिर, शिरसोली लेक, प्राचीन गणेश मंदिर श्री पदमालय तथा महारानी लक्ष्मीबाई के पिता द्वारा निर्मित पारोला किला प्रमुख हैं। यहां बड़ी संख्या में देशी एवं विदेशी पर्यटक व तीर्थ यात्री प्रतिवऐन आते हैं। अंतर्राऐट्रीय स्तर की पर्यटन सुविधाओं के अभाव में पर्यटकों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि महाराऐट्र के जलगांव जिले को पर्यटन मंत्रालय की ृप्रसाद ृ योजना में शामिल कर यहां अंतर्राऐट्रीय स्तर की पर्यटन सुविधाएं उपलब्ध करवाने हेतु कदम उठाए जाएं ताकि यहां के नौजवानों को रोज़गार के अवसरों में वृद्धि होने के साथ ही साथ यहां आर्थिक समृद्धि भी आ सके।